>

Title: Need to develop Shaikh-Ul-Hind Maulana Mahmood Hasan Medical College, Uttar Pradesh into Higher Centre - Laid

श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर): सहारनपुर स्थित शेख–उल–हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज वर्ष 2012 में बनकर तैयार हो गया था। परन्तु अभी तक बुनियादी मेडिकल उपकरणों से वंचित होने के कारण मरीजों को समुचित व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सिटीस्कैन, एम.आर.आई. व अन्य आधुनिक मेडिकल उपकरणों के अभाव में डाक्टरों द्वारा मरीजों को अन्य हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है। मेडिकल कॉलेज की विद्युत व्यवस्था भी सही नहीं है। घंटों के हिसाब से विद्युत सप्लाई बंद रहती है। मेडिकल कॉलेज के स्टाफ को कई-कई महीनों की देरी से सैलरी मिलती है। जनपद में मेडिकल सुविधाओं के अभाव को खत्म करने के लिए इस मेडिकल कॉलेज को हायर सेंटर के रूप में विकसित किया जाना अति आवश्यक है। इससे मरीजों को जनपद में ही मेडिकल सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा ।

جناب حاجی فضل الرحمٰن صاحب (سہارنپور): محترم، سہارنپور میں قائم شیخ الہند مولانا محمود حسن میڈیکل کالج سال 2012 میں بن کر تیار ہو گیا تھا۔ لیکن ابھی تک بنیادی میڈیکل اوزاروں سے محروم ہونے کی وجہ سے مریضوں کو مکمل فائدہ نہیں مل پر رہا ہے۔ سی۔ٹی۔اسکین، ایم۔آر۔آئی۔ و دوسرے جدید میڈیکل اوزاروں کی کمی کی وجہ سے ڈاکٹروں کے ذریعہ مریضوں کو دوسرے ہائر سینٹر ریفر کر دیا جاتا ہے۔ میڈیکل کالج کی بجلی کا نظام بھی ٹھیک نہیں ہے۔ گھنٹوں کے حساب سے بجلی کی سپلائی بند رہتی ہے۔ میڈیکل کالج کے اسٹاف کو کئی۔کئی مہینوں کی دیری سے سیلری ملتی ہے۔ ضلع میں میدیکل سہولیات کی کمی ختم کرنے کےلئے اس میڈیکل کالج کو ہائر سینٹر کی شکل میں وِکست کرنا بے حد ضروری ہے۔ اس سے مریضوں کو ضلع میں ہی میدیکل سہولیات کو فائدہ مل سکے گا۔ شکریہ ۔